इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 31]　　भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 31 जुलाई 2015—श्रावण 9, शक 1937

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन,
(3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम,
(3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 जुलाई, 2015

क्र. ई-1-257-2015-5-एक.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री राजीव रंजन, भाप्रसे (1989), विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त, ग्वालियर तथा प्रमुख राजस्व आयुक्त को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग भी घोषित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ॲन्टोनी डिसा, मुख्यसचिव.

भोपाल, दिनांक 20 जुलाई, 2015

क्र. एफ-3-6-2015-1-4.—राज्य शासन एतद्द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम/उपनिर्वाचन-2015 (पूर्वार्द्ध) हेतु आयोग द्वारा जारी संलग्न परिशिष्ट-एक एवं संशोधित परिशिष्ट-दो के अनुसार मतदान दिनांक 22 जुलाई 2015 बुधवार को जिले के संबंधित क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित करता है.

2. उक्त दिनांक को केवल संबंधित क्षेत्रों के लिये पराक्रम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट) 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा 25 के अन्तर्गत सार्वजनिक अवकाश भी घोषित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
श्याम बाई धुर्वे, अवर सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2015.

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 जुलाई 2015

क्र. एफ 1(ए) 107-2008-ब-2-दो.—श्री जितेन्द्र सिंह कुशवाह, भा. पु. से. पुलिस उप महानिरीक्षक, आरएपीटीसी, इन्दौर को दिनांक 2 जुलाई से 14 अगस्त 2015 तक, कुल चवालीस दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 15 एवं 16 अगस्त 2015 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ सहित स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री जितेन्द्र सिंह कुशवाह, भा.पु.से. के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री आर. सी. पंवार, भा.पु.से. सेनानी, आरएपीटीसी, इन्दौर द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री जितेन्द्र कुशवाह, भा.पु.से. को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, पुलिस उप महानिरीक्षक, आरएपीटीसी, इन्दौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री जितेन्द्र सिंह कुशवाह, भा.पु.से. द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री कुशवाह, भा.पु.से., को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री जितेन्द्र सिंह कुशवाह, भा.पु.से., उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 15 जुलाई 2015

क्र. एफ 1-35-2015-ब-दो.—श्री राजीव कुमार टंडन, भापुसे, विशेष कर्त्तव्यस्त अधिकारी, मुख्यमंत्री एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, एससी आरबी, पुलिस मुख्यालय, भोपाल को मिड-केरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम फेस-V, 2015 से 24 जुलाई 2015 तक, एन.पी.ए. हैदराबाद में दिनांक 27 जुलाई 2015 से 31 जुलाई 2015 यूएस अमेरिका में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण होने के उपरांत श्री टंडन, भापुसे को दिनांक 1 से 2 अगस्त 2015 विज्ञप्त अवकाश एवं दिनांक 3 से 6 अगस्त 2015 तक, चार दिवस अर्जित अवकाश के लाभ के साथ (एक्स-इण्डिया लीव्ह) निम्नलिखित शर्तों के तहत स्वीकृत किया जाता है:—

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला किसी भी प्रकार का व्यय राज्य शासन द्वारा वहन नहीं किया जावेगा.
2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.
3. विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.
4. स्वीकृत अवकाश में वृद्धि नहीं करेंगे.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री राजीव कुमार टंडन भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी मुख्यमंत्री एवं अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक, एससी आरबी, पुलिस मुख्यालय भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री राजीव कुमार टंडन, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजीव कुमार टंडन, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. श्रीवास, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 2 जुलाई 2015

फा. क्र. 3(बी)2-2013-इक्कीस-ब-(एक) 1689.—मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा परीक्षा 2013 की चयन सूची दिनांक 19 मई 2014 में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर चयनित अभ्यर्थी श्री कुमार राहुल (मेरिट क्र. 08) की ओर से प्रेषित प्रस्ताव पर, विचार किए जाने के उपरांत राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री कुमार राहुल का नाम चयनित सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) की मुख्य चयन सूची के मेरिट क्र. 08 से विलोपित कर उनका चयन का अधिकार समाप्त करता है.

भोपाल, दिनांक 13 जुलाई 2015

फा. क्र. 3(बी)2-2015-इक्कीस-ब-(एक) 1500.—न्यायिक सेवा के सदस्य श्री अतुल ठाकुर व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, नसरुल्लागंज, जिला सीहोर वर्तमान में उचेहरा, जिला सतना के विरुद्ध संस्थित विभागीय जांच के निष्कर्षों के आधार पर उनके द्वारा कदाचरण किया जाना प्रमाणित पाये जाने पर प्रशासकीय समिति की बैठक दिनांक 7 मई 2015 तथा फुल कोर्ट मीटिंग (By Circulation) में लिये गये निर्णय के फलस्वरूप, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने उक्त न्यायिक अधिकारी को सेवा से पदच्युत (Dismiss) किये जाने की अनुशंसा की है.

उक्त न्यायिक अधिकारी के सेवा अभिलेख तथा समस्त सामग्री पर विचार करने के उपरांत मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की अनुशंसा से सहमत होते हुए, राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है कि श्री अतुल ठाकुर, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, नसरुल्लागंज, जिला सीहोर वर्तमान में उचेहरा, जिला सतना को दण्ड स्वरूप सेवा से पदच्युत (Dismiss) किया जाए.

अत: मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-10(9) के प्रावधानों के अनुसार एतद्द्वारा राज्य शासन, श्री अतुल ठाकुर, व्यवहार न्यायाधीन, वर्ग-2, नसरुल्लागंज, जिला सीहोर वर्तमान में उचेहरा, जिला सतना को पद से (सेवा से) दीर्घ शास्ति स्वरूप पदच्युत (Dismiss) करता है.

भोपाल, दिनांक 15 जुलाई 2015

फा. क्र. 17(ई)08-2013-इक्कीस-ब-(एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारी श्री शरत चन्द्र सक्सेना, तृतीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोपाल की सेवाएं, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, बेंच भोपाल में रजिस्ट्रार के पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करने हेतु उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, एतद्द्वारा, भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली को सौंपता है.

भोपाल, दिनांक 22 जुलाई 2015

फा. क्र. 1-2-90-1775-इक्कीस-ब-(एक).—अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (1989 का 33) की धारा 14 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा विशेष न्यायालय, उमरिया से संबंधित इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 1-2-90-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 15 सितम्बर, 2009 में आंशिक उपांतरण करते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, एतद्द्वारा, सेशन न्यायाधीश, उमरिया के न्यायालय को उक्त अधिनियम के अधीन अपराधों का विचारण करने के लिए विशेष न्यायालय के रूप में विनिर्दिष्ट करता है.

2. इस विभाग की अधिसूचना फा. क्र. 1-2-90-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 15 सितम्बर 2009 द्वारा गठित विशेष न्यायालय, उमरिया में लंबित सभी मामले, पैरा-1 के अधीन विशेष न्यायालय का गठन होने की तारीख को संबंधित विशेष न्यायालय में अंतरित हो जाएंगे.

F. No. 1-2-90-1775-2015-XXI-B(1).—In exercise of the powers conferred by Section 14 of the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 (No. 33 of 1989) and in partial modification of this department's Notification F. No. 1-2-90-XXI-B(1), dated 15th September 2009 relating to Special Court, Umaria, the State Government with the concurrence of the Chief Justice of the High Court of Madhya Pradesh, hereby, specify the Court of Sessions Judge, Umaria to be a Special Court to try the offences under the said Act.

2. All cases pending in the Special Court of Umaria, constituted by this Department's Notification F. No. 1-2-90-XXI-B(1), dated 15th September 2009, on the date of constitution of Special Court under para-1, shall stand transferred to the respective Special Court.

भोपाल दिनांक 23 जुलाई 2015

फा. क्र. 17(ई) 44-2013-इक्कीस-ब-(एक)-1774-15.—राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण अधिनियम, 2008 (2008 का 34) की धारा 22 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक ब(1)3476-2013, दिनांक 11 सितम्बर, 2013 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग-एक में दिनांक 20 सितम्बर, 2013 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 11 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

सारणी

क्रमांक	जिले का नाम	विशेष न्यायाधीश का नाम
(1)	(2)	(3)
11.	धार	श्रीमती सविता दुबे, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, धार.

यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको कि इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करें.

F. No. 17(E)-44-2013-XXI.-B(one)-1774-2015.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 22 of National Investigation Agency Act, 2008 (34 of 2008), the State Government in consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following amendment in this Department's Notification

F. No. B(1) 3476-2013, dated 11th September, 2013 which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part 1, dated 20th September, 2013 namely:—

AMENDMENT

In the said Notification, in the table, for serial number 11 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No.	Name of District	Name and Designation of the Judge
(1)	(2)	(3)
"11.	Dhar	Smt. Savita Dubey, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Dhar."

This amendment shall come into force from the date on which the judge as specified in this notification assumes the charge of his office in the said Court.

फा. क्र. 17(ई)43-2009(इक्कीस)-ब(एक)-1823-2015-**शुद्धि-पत्र.**—राज्य शासन, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना फा. क्र. 43-2009-1110-इक्कीस-ब(एक)-015, दिनांक 20 अप्रैल 2015 में जो कि मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग-1, दिनांक 8 मई, 2015 में प्रकाशित की गई थी, निम्नलिखित शुद्धि-पत्र जारी करता है, अर्थात् :—

सारणी के कॉलम (2) में अनुक्रमांक 11 के सामने, शब्द तथा अंक "द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 स्थान पर शब्द तथा अंक "द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश" वर्ग-1" स्थापित किए जाएं.

F.No.17(E)43-2009-XXI-B(1)-1823-2015-**Corrigendum.**—The State Government hereby issue the following Corrigendum in respect of this department's Notification 17(E)43-2009-1110-XXI-B(1)-015, dated 20th april, 2015 which was published in the Madhya Pradesh Gazette, part 1 dated 08th May, 2015, namely:—

In column No. (2) of the table, against serial Number 11, for the words and figure "IInd Civil Judge Class-II", the words and figure "IInd Civil Judge Class-I" shall be substituted.

भोपाल, दिनांक 24 जुलाई 2015

फा. क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब(एक)-1690-015-**शुद्धि-पत्र.**—राज्य शासन, एतद्द्वारा इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 1-6-89-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 2 मई, 2015 के संबंध में जो मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग-1 दिनांक 15 मई, 2015 में प्रकाशित की हुई थी, निम्नलिखित शुद्धि-पत्र जारी करता है अर्थात्:—

उक्त अधिसूचना में,—

सारणी के कॉलम (2) में अनुक्रमांक 32 के सामने, शब्द "श्री अवनिंद्र कुमार सिंह, प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश के प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, पूर्व निमाड़ (खंडवा)" के स्थान पर शब्द "श्री अवनिंद्र कुमार सिंह, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, खंडवा" स्थापित किए जाएं.

F.No.1-6-89-XXI-B(1)-1690-2015-**Corrigendum.**—The State Government hereby issue the following Corrigendum in respect of this department's Notification F. No. 1-6-89-XXI-B(1)-1208-2015, dated 2nd May 2015, which was published in the Madhya Pradesh Gazette, part 1 dated 15th May, 2015, namely:—

In the said notification,—

In column No. (2) of the table, against serial Number 32, for the words and figure "Shri Avnindra Kumar Singh 1st Additional Judge to 1st Additinal Sessions Judge, East Nimar (Khandwa)", the words and figure "Shri Avnindra Kumar Singh. IInd Additinal Sessions Judge, Khandwa" shall be substituted.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विरेन्दर सिंह, प्रमुख सचिव.

भोपाल दिनांक 21 जुलाई 2015

फा. क्र. 23(सी)23-2008(इक्कीस)-ब-(दो).—राज्य शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रस्ताव दिनांक 10 जुलाई 2015 के अनुक्रम में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के समक्ष विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन भोपाल के लंबित प्रकरणों में इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 14 अगस्त 2014 द्वारा पैरवी करने हेतु नियुक्त अधिवक्ता श्री पंकज दुबे को देय मासिक पारिश्रमिक रुपये 55,000 (रु. पचपन हजार) मासिक पारिश्रमिक एवं अनुषांगिक व्यय के मासिक पारिश्रमिक पर तथा संबंधित प्रकरण का स्टेशनरी आदि का अनुषांगिक व्यय पर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 24 (8) के अन्तर्गत दिनांक 15 अगस्त 2015 से दिनांक 14 अगस्त

2016 तक एक वर्ष की अवधि के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करता है. (संबंधित फीस एवं व्यय का भुगतान लोकायुक्त संगठन भोपाल द्वारा किया जावेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अमिताभ मिश्र, अपर सचिव.

श्रम विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 जुलाई 2015

क्र.एफ 9-2-2008-ब-सोलह.—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (34 सन् 1948) की धारा 87 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ 9-2-99-ब-सोलह, दिनांक 11 अगस्त 2014 के अनुक्रम में मेसर्स इंडियन कॉफी वर्क्स को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, जबलपुर को उक्त अधिनियम के प्रावधानों से दिनांक 1 अक्टूबर 2015 से 30 सितम्बर 2016 तक की अवधि के लिये इस शर्त पर छूट प्रदान करता है कि कर्मचारियों को सोसायटी द्वारा दी जा रही सुविधाएं कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा दी जा रही सुविधाओं से कम नहीं होगी. सोसायटी द्वारा वर्तमान में दी जा रही सुविधाओं के अतिरिक्त कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा दिया जाने वाला रिहबिलेटेशन अलाउंस की सुविधा भी प्रदान की जावेगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
श्रीनिवास शर्मा, उपसचिव.

ऊर्जा विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 जुलाई 2015

क्रमांक एफ. 3-23-2013-तेरह.—यतः, राज्य सरकार की यह राय है कि राज्य में रक्षा उत्पाद के क्षेत्र में प्रत्यक्ष निवेश को प्रोत्साहन देने के दृष्टि से लोकहित में ऐसा करना आवश्यक समीचीन है;

अतएव, मध्यप्रदेश विद्युत शुल्क अधिनियम, 2012 (क्रमांक 17, सन् 2012) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा—

(1) विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-1-1-2012-तेरह, दिनांक 14 फरवरी, 2013 की अनुसूची के कालम (2) में क्रमांक 2 से 5 तक में उल्लेखित स्थाई पूंजी निवेश वाली परियोजनाओं को न्यूनतम रु. 500 करोड़ के रक्षा उत्पादन स्थाई पूंजी निवेश की दशा में केप्टिव पावर जनरेटिंग संयंत्र से उत्पादित एवं स्वयं खपत की गई विद्युत् ऊर्जा को उक्त अधिसूचना की अनुसूची के कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट कालावधि के अतिक्ति और 2 वर्ष के लिए अधिसूचना में उल्लिखित शर्तों एवं निबंधनों पर विद्युत् शुल्क के भुगतान से छूट प्रदान करती है.

(2) विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-3-23-2013-तेरह, दिनांक 4 मार्च 2014 की अनुसूची के कालम (3) में विनिर्दिष्ट विद्युत् शुल्क से छूट की अवधि के अतिरिक्त और 2 वर्ष के लिए विद्युत् शुल्क के संदाय से न्यूनतम रु. 500 करोड़ की स्थाई पूंजी निवेश वाली उत्पाद परियोजनाओं को ग्रिड से प्रदाय की गई विद्युत् ऊर्जा की खपत हेतु अधिसूचना में दी गई अन्य शर्तों और निबंधनों के अध्यधीन रहते हुए छूट प्रदान करती है.

(2) यह अधिसूचना इसके "मध्यप्रदेश राजपत्र" में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगी.

No. F-3-23-2013-XIII.—Whereas, the State Government is of the opinion that in order to encourage direct ivestment in the area of defence production in the State, it is necessary and expedient to do so in the public interest;

Now, Therefore, in exercise of powers conferred by Section 5 of the Madhya Pradesh Vidyut Shulk Adhiniyam, 2012 (No. 17 of 2012), the State Government, hereby, exempts—

(i) In case of the projects of investment of permanent capital of Rs. 500 crores in defence production, for an additional period of 2 years over and above period specified in column (3) against serial number 2 to 5 in column (2) of the Schedule of Department's Notification No. F-1-1-2012-XIII, dated 14th February, 2013 from payment of electricity duty on electricity produced

from captive power plant for self consumption subject to terms and conditions mentioned in the notification.

(ii) The projects of minimum permanent capital investment of Rs. 500 crores in defence production for an additional period of 2 years over and above the period specified in column (3) of the Schedule of Department's Notification No. F-1-1-23-2013-XIII, dated 4th March, 2014 from payment of electricity duty on electricity supplied from the grid, on the terms and conditions mentioned in the notification.

This notification shall come into force from the date of its publication in the "Madhya Pradesh Gazette".

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आई. सी. पी. केशरी, प्रमुख सचिव.

जेल विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 जुलाई 2015

क्र. एफ-06-16-2002-तीन-जेल.—जेल प्रिजन्स एक्ट, 1894 की धारा (3) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा दिनांक 23 जुलाई 2015 को निम्नानुसार स्थलों को अस्थायी जेल घोषित करता है:—

1. **सीहोर रोड पर**—भैंसाखेड़ी कृषि उपज मण्डी प्रांगण
2. **विदिशा रोड पर**—सूखी सेवनिया गांव का प्रांगण
3. **रायसेन रोड पर**—आकांक्षा मैरिज गार्डन
4. **होशंगाबाद रोड पर**—विनायक मैरिज गार्डन

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
दशरथ कुमार, उपसचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 13 मई 2015

फा. क्र. 17(ई) 83/03-इक्कीस-ब (एक)-1209-2015.—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का संख्यांक 36) की धारा 153 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 17(ई)83-03-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 16 सितम्बर 2010 में जो मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग 1 में दिनांक 24 सितम्बर 2010 में प्रकाशित की गई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 1, 4, 6, 7, 12, 16, 18, 22, 23-क, 24, 26, 26-क, 36, 38, 44, 46, 51, 62, 63, 67, 68, 69, 70, 71, 72, 73, 75, 76, 77, 80, 83, 83, 84-क, 85-क 87, 88, 90, 93, 97, 98, 102, 103, 103-क 106, 107, एवं 112 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक और उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

सारणी

स. क्र. (1)	सिविल जिले का नाम (2)	विशेष न्यायालय का नाम (3)	विशेष न्यायालय के न्यायाधीश का नाम (4)
"1.	अलीराजपुर	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, अलीराजपुर.	श्री जगदीश चन्द्र राठौर, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, अलीराजपुर.
4.	अशोकनगर	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, अशोकनगर.	श्री विजय मालवीय, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, अशोकनगर.

(1)	(2)	(3)	(4)
6.	बालाघाट	विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जातियां/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, बालाघाट.	श्री जगत मोहन चतुर्वेदी, विशेष न्यायाधीश, अनु. जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, बालाघाट.
7.	बारासिवनी बालाघाट	द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, बारासिवनी.	श्रीमती नौरिन निगम, द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, बारासिवनी.
12.	भिण्ड	विशेष न्यायाधीश अनु. जाति/अनु. जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, भिण्ड.	श्री दीपक अग्रवाल, विशेष न्यायाधीश, अनु. जाति/अनु. जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, भिण्ड.
16.	भोपाल	अपर सेशन न्यायाधीश, (विशेष न्यायालय क्र. 2), भोपाल.	श्री किसना अतुलकर, अपर सेशन न्यायाधीश, (विशेष न्यायालय क्र. 2), भोपाल.
18.	छतरपुर	द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, छतरपुर.	श्रीमती शशिकांता वैश्य, द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, छतरपुर.
22.	अमरवाड़ा, छिन्दवाड़ा	अपर सेशन न्यायाधीश, अमरवाड़ा.	श्री सुरेश सिंह, अपर सेशन न्यायाधीश, अमरवाड़ा.
23-ए	हटा, दमोह	अपर सेशन न्यायाधीश, हटा.	श्री हितेन्द्र सिंह सिसोदिया, अपर सेशन न्यायाधीश, हटा.
24.	दतिया	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, दतिया.	श्री अनूप कुमार त्रिपाठी, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, दतिया.
26.	देवास	चतुर्थ अपर सेशन न्यायाधीश, देवास.	श्री प्रेमचंद शर्मा, चतुर्थ अपर सेशन न्यायाधीश, देवास.
26-ए	बागली, देवास	अपर सेशन न्यायाधीश, बागली.	श्रीमती मनीष बसेर, अपर सेशन न्यायाधीश, बागली.
36.	गुना	विशेष न्यायाधीश अनु. जाति/अनु. जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, गुना.	श्री महेश भदकारिया, विशेष न्यायाधीश, अनु. जाति/अनु. जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, गुना.
38.	ग्वालियर	अपर सेशन न्यायाधीश, (विशेष न्यायालय क्र. 3).	श्री सुदीप कुमार श्रीवास्तव, अपर सेशन न्यायाधीश, (विशेष न्यायालय क्र. 3) ग्वालियर.
44.	पिपरिया, होशंगाबाद	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, पिपरिया.	श्री रमेशचन्द्र चौरसिया, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, पिपरिया.
46.	इन्दौर	अपर सेशन न्यायाधीश, (विशेष न्यायालय क्र. 6) इन्दौर.	श्री सत्येन्द्र गोवर्धन लाल जोशी, अपर सेशन न्यायाधीश, (विशेष न्यायालय क्र. 6).
51.	जबलपुर	अपर सेशन न्यायाधीश, (विशेष न्यायालय क्र. 9)	श्रीमती आशा गोधा, अपर सेशन न्यायाधीश, (विशेष न्यायालय क्र. 9).

(1)	(2)	(3)	(4)
62.	मुरैना	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, सबलगढ़.	श्री कृष्ण मूर्ति मिश्रा, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, सबलगढ़.
63.	मुरैना	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, जौरा.	श्री रमेश कुमार श्रीवास्तव, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, जौरा.
67.	मनासा, नीमच	अपर सेशन न्यायाधीश, मनासा.	श्री रविन्द्र सिंह कुशवाहा, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, मनासा.
68.	पन्ना	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, पन्ना.	श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, पन्ना.
69.	पवई, पन्ना	अपर सेशन न्यायाधीश, पवई	श्री भागवत प्रसाद पाण्डे, अपर सेशन न्यायाधीश, पवई, पन्ना.
70.	रायेसन	चतुर्थ अपर सेशन न्यायाधीश, रायसेन.	श्रीमती तृप्ति शर्मा, चतुर्थ अपर सेशन न्यायाधीश, रायसेन.
71.	बेगमगंज, रायसेन	अपर सेशन न्यायाधीश, बेगमगंज.	श्री संजय कुमार जैन, (सीनि.), अपर सेशन न्यायाधीश, बेगमगंज.
72.	राजगढ़	अपर सेशन न्यायाधीश, राजगढ़	श्री ओम प्रकाश तिवारी, अपर सेशन न्यायाधीश, राजगढ़.
73.	ब्यावरा, राजगढ	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, ब्यावरा.	श्री शमरोज खान, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, ब्यावरा.
75.	रतलाम	चतुर्थ अपर सेशन न्यायाधीश, रतलाम.	श्री प्रियदर्शन शर्मा, चतुर्थ अपर सेशन न्यायाधीश, रतलाम.
76.	जावरा रतलाम	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, जावरा.	श्रीमती माया विश्वलाल, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, जावरा.
77.	रीवा	चतुर्थ अपर सेशन न्यायाधीश, रीवा.	श्री अरूण कुमार सिंह सीनियर, चतुर्थ अपर सेशन न्यायाधीश, रीवा.
79.	मउगंज, रीवा	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, मउगंज.	श्री संजीव कुमार पाण्डे, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, मउगंज.
80.	सागर	अपर सेशन न्यायाधीश, (विशेष न्यायालय क्र. 10), सागर.	श्री बद्रीप्रसाद मरकाम, अपर सेशन न्यायाधीश, (विशेष न्यायालय क्र. 10), सागर.
83.	सतना	तृतीय अपर सेशन न्यायाधीश, सतना.	श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनी, तृतीय अपर सेशन न्यायाधीश, सतना.
84-ए	नागौद, सतना	अपर सेशन न्यायाधीश, नागौद	श्री रामप्रताप सिंह, अपर सेशन न्यायाधीश, नागौद.
85-ए.	अमरपाटन, सतना	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, अमरपाटन.	श्री श्रीपाल यादव, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, अमरपाटन.
87	आष्टा, सीहोर	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, आष्टा.	श्री ज्ञान प्रकाश अग्रवाल, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, आष्टा.

(1)	(2)	(3)	(4)
88.	नसरुल्लागंज, सीहोर	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, नसरुल्लागंज.	श्री विजय कुमार पाण्डे, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, नसरुल्लागंज.
90.	लखनादौन, सिवनी	अपर सेशन न्यायाधीश, लखनादौन	श्री मनोज कुमार मंडलोई, अपर सेशन न्यायाधीश, लखनादौन.
93.	शाजापुर	द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, शाजापुर.	श्री हितेन्द्र कुमार मिश्रा, द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, शाजापुर.
97.	श्योपुर	द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, श्योपुर.	श्री ठाकुर दास, द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, श्योपुर.
98.	शिवपुरी	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, शिवपुरी	श्री देवेन्द्र पाल सिंह गौर, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, शिवपुरी.
102.	बैढ़न, सिंगरौली	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, बैढ़न.	श्री अखिलेश मिश्रा, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, के न्यायालय के अपर न्यायाधीश, बैढ़न.
103.	टीकमगढ़	द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, टीकमगढ़.	श्री संजीव श्रीवास्तव, द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, टीकमगढ़.
103-ए	जतारा टीकमगढ़	अपर सेशन न्यायाधीश, जतारा.	श्री ब्रम्ह शंकर दीक्षित, अपर सेशन न्यायाधीश, जतारा.
106.	उमरिया	प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, उमरिया.	श्री तरूण राकेश स्टेन्डली, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, उमरिया.
107.	विदिशा	तृतीय अपर सेशन न्यायाधीश, विदिशा.	श्री संजय कुमार पाण्डे, तृतीय अपर सेशन न्यायाधीश, विदिशा.
112.	बड़वाह, मण्डलेश्वर	अपर सेशन न्यायाधीश, बड़वाह.	श्रीमती सविता सिंह, अपर सेशन न्यायाधीश, बड़वाह".

F. No. 17(E) 83-03-XXI.-B-(one) 1209-2015—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following further amendments in this Department's Notification F.No. 17(E) 83-03-XXI-B(1), dated 16th September 2010 which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-1 dated 24th September 2010, namely:—

AMENDMENTS

In the said Notification, in the table, for serial number 1, 4, 6, 7, 12, 16, 18, 22, 23-A, 24, 26, 26-A, 36, 38, 44, 46, 51, 62, 63, 67, 68, 69, 70, 71, 72, 73, 75, 76, 77, 79, 80, 83, 84-A, 85-A, 87-88,90, 93, 97, 98, 102, 103, 103-A 106, 107, 112 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No. (1)	Name of the Civil District (2)	Name of Special Court (3)	Name of the Judge of the Special Court (4)
1.	Alirajpur	1st Additional Sessions Judge, Alirajpur.	Shri Jagdish Chandra Rathore, 1st Additional Sessions Judge, Alirajpur.
4.	Ashoknagar	1st Additional Sessions Judge, Ashoknagar.	Shri Vijay Malviya, 1st Additional Sessions Judge, Ashoknagar.

(1)	(2)	(3)	(4)
6.	Balaghat	Special Judge, SC/ST (POA) Act, Balaghat.	Shri Jagat Mohan Chaturvedi, Special Judge, SC/ST (POA) Act, Balaghat.
7.	Waraseoni Balaghat	IInd Additional Sessions Judge, Waraseoni.	Smt. Norin Nigam, IInd Additional Sessions Judge, Waraseoni.
12	Bhind	Special Judge, SC/ST (POA) Act Bhind.	Shri Deepak Agrawal, Special Judge, SC/ST (POA) Act Bhind.
16.	Bhopal	Additional Sessions Judge, (Special Court No. 2), Bhopal.	Shri Kisna Atulker, Additional Sessions Judge, (Special Court No. 2), Bhopal.
18.	Chhatarpur	IInd Additional Sessions Judge, Chhatarpur.	Smt. Shashikanta Vaishya, , IInd Additional Sessions Judge, Chhatarpur.
22.	Amarwara Chhindwara.	Additional Sessions Judge, Amarwara.	Shri Suresh Singh, Additional Sessions Judge, Amarwara.
23-A	Hatta, Damoh	Additional Sessions Judge, Hatta.	Shri Hatendra Singh Sisodia, Additional Sessions Judge, Hatta.
24	Datia	Ist Additional Sessions Judge, Datia.	Shri Anoop Kumar Tripathi, 1st Additional Sessions Judge, Datia.
26	Dewas	IVth Additional Sessions Judge, Dewas.	Shri Prem Chand Sharma, IVth Additional Sessions Judge, Dewas.
26-A	Bagli, Dewas	Additional Sessions Judge, Bagli	Smt. Manisha Baser, Additional Sessions Judge, Bagli.
36	Guna	Special Judge, SC/ST (POA) Act, Guna.	Shri Mahesh Bhadkaria, Special Judge, SC/ST (POA) Act, Guna.
38	Gwalior	Additional Sessions Judge, (Special Court No. 3), Gwalior.	Shri Sudeep Kumar Shrivastava, Additional Sessions Judge, (Special Court No. 3), Gwalior.
44	Piparia Hoshangabad	Ist Additional Sessions Judge, Piparia.	Shri Ramesh Chandra Chourasia, 1st Additional Sessions Judge, Piparia.
46	Indore	Additional Sessions Judge, (Special Court No. 6), Indore.	Shri Satyendra Govardhan Lal Joshi, Additional Sessions Judge, (Special Court No. 6), Indore.
51	Jabalpur	Additional Sessions Judge, (Special Court No. 9), Jabalpur.	Smt. Asha Godha, Additional Sessions Judge, (Special Court No.9), Jabalpur.
62	Sabalgarh Morena	Ist Additional Sessions Judge, Sabalgarh.	Shri Krishna Murty Mishra, 1st Additional Sessions Judge, Sabalgarh.
63	Jora, Morena	Ist Additional Sessions Judge, Jora.	Shri Ramesh Kumar Shrivastava, Ist Additional Sessions Judge, Jora.
67	Manasa Neemuch	Additional Sessions Judge, Manasa.	Shri Ravindra Singh Kushwaha, Additional Sessions Judge, Manasa.

(1)	(2)	(3)	(4)
68	Panna	Ist Additional Sessions Judge, Panna.	Shri Devendra Prasad Mishra, 1st Additional Sessions Judge, Panna.
69	Pawai, Panna	Additional Sessions Judge, Pawai.	Shri Bhagwat Prasad Pandey, Additional Sessions Judge, Pawai.
70	Raisen	IVth Additional Sessions Judge, Raisen.	Smt. Tripti Sharma, IVth Additional Sessions Judge, Raisen.
71	Begumganj Raisen	Additional Sessions Judge, Begumganj.	Shri Sanjay Kumar Jain (Sr.), Additional Sessions Judge, Begumganj.
72	Rajgarh	Additional Sessions Judge, Rajgarh.	Shri Om Prakash Tiwari, Additional Sessions Judge, Rajgarh.
73	Bioara Rajgarh	Ist Additional Sessions Judge, Bioara.	Shri Shamroz Khan, Ist Additional Sessions Judge, Bioara.
75	Ratlam	IVth Additional Sessions Judge, Ratlam.	Shri Priya Darshan Sharma, IVth Additional Sessions Judge, Ratlam.
76	Jaora Ratlam	Ist Additional Sessions Judge, Jaora.	Smt. Maya Vishwalal, 1st Additional Sessions Judge, Jaora.
77	Rewa	VIth Additional Sessions Judge, Rewa.	Shri Arun Kumar Singh (Sr.) , VIth Additional Sessions Judge, Rewa.
79	Mauganj Rewa	Ist Additional Sessions Judge, Mauganj.	Shri Sanjeev Kumar Pandey, 1st Additional Sessions Judge, Mauganj.
80	Sagar	Additional Sessions Judge, (Special Court No. 10).	Shri Badri Prasad Markam, Additional Sessions Judge, (Special Court No. 10).
83	Satna	IIIrd Additional Sessions Judge, Satna.	Shri Rajendra Prasad Soni, IIIrd Additional Sessions Judge, Satna.
84-A	Nagod, Satna	Additional Sessions Judge, Nagod.	Shri Ram Pratap Singh, Additional Sessions Judge, Nagod.
85-A	Amarpatan, Satna	Ist Additional Sessions Judge, Amarpatan.	Shri Shripal Yadav, 1st Additional Sessions Judge, Amarpatan.
87	Sehore	IInd Additional Sessions Judge, Ashta.	Shri Gyan Prakash Agrawal, IInd Additional Sessions Judge, Ashta.
88	Sehore	Ist Additional Sessions Judge, Nasrullaganj.	Shri Vijay Kumar Pandey, 1st Additional Sessions Judge, Nasrullaganj.
90	Seoni	Additional Sessions Judge, Lakhnadoun.	Shri Manoj Kumar Mandloi, Additional Sessions Judge, Lakhnadoun.
93	Shajapur	IInd Additional Sessions Judge, Shajapur.	Shri Hitendra Kumar Mishra, IInd Additional Sessions Judge, Shajapur.
97	Sheopur	IInd Additional Sessions Judge, Sheopur.	Shri Thakurdas, IInd Additional Sessions Judge, Sheopur.
98	Shivpuri	IInd Additional Sessions Judge, Shivpuri.	Shri Devendra Pal Singh Gour, IInd Additional Sessions Judge, Shivpuri.
102	Singrauli	Ist Additional Sessions Jude, Waidan.	Shri Akhilesh Mishra, Ist Additional Sessions Judge, Waidan.

(1)	(2)	(3)	(4)
103	Tikamgarh	IInd Additional Sessions Judge, Tikamgarh.	Shri Sanjeev Shrivastava, IInd Additional Sessions Judge, Tikamgarh.
103-A	Jatara Tikamgarh	Additional Sessions Judge, Jatara	Shri Brihm Shankar Dixit, Additional Sessions judge, Jatara.
106	Umariya	Ist additional Sessions Judge, Umariya.	Shri Tarun Rakesh Stendly, Ist Additional Sessions Judge, Umariya.
107	Vidisha	IIIrd Additional Sessions Judge, Vidisha.	Shri Sanjay Kumar Pandey, IIIrd Additional Sessions Judge, Vidisha.
112	Barwaha Mandleshwar	Addtional Sessions Judge, Barwaha	Shri Savita Singh, Additional Sessions Judge, Barwaha.

भोपाल, दिनांक 21 जुलाई 2015

फा. क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब(एक)-1776-2015.—स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61) की धारा 36 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 1-6-89-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 3 अप्रैल, 1998 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 17 अप्रैल, 1998 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित और संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 26 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

अनुक्रमांक (1)	न्यायाधीश का नाम तथा पदनाम (2)	विशेष न्यायालय (3)	स्थानीय क्षेत्र/सेशन खण्ड (4)
"26	श्रीमती सविता दुबे, विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, धार.	धार	धार

यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको कि इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करें.

F. No.1-6-89-XXI-B(1)-1776-2015.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 36 of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 (No. 61 of 1985), the State Government, with the concurrence of the Chief Justice of the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following further amendment in this department's Notification No. F. 1-6-89-XXI-B(1) dated 3rd April, 1998, which was published in the Madhya Pradesh Gazette Part-1 dated the 17th April, 1998, namely:—

AMENDMENT

In the said notification, in the schedule, for serial number 26 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto shall be substituted:—

S. No. (1)	Name and Designation of the Judge (2)	Special Court (3)	Local area Session Divisions (4)
"26.	Smt. Savita Dubey, Special Judge, Scheduled Castes and Scheduled Tribes (POA) Act, Dhar.	Dhar	Dhar"

This amendment shall come into force from the date on which the judge as specified in this notification assumes the charge of his office in the said Court.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विरेन्दर सिंह, प्रमुख सचिव.

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 22 जुलाई 2015

क्र. एफ-7-8-2012-छप्पन.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी निवेश नीति 2012 (यथा संशोधित 2014) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुरूप विभाग के स्वामित्व के निम्नलिखित क्षेत्र को सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र अधिसूचित किया जाता है:—

क्र.	सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र का नाम	स्थान	तहसील	जिला	खसरा नं. रकबा (हे. में)	भूमि (एकड़ में)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र, चीराखान	चीराखान	देपालपुर	इन्दौर	खसरा क्रमांक 170 रकबा 73.546 हेक्टेयर.	182 एकड़

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
चन्द्रशेखर वालिम्बे, उपसचिव.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

छिन्दवाड़ा, दिनांक 16 जुलाई 2015

क्र. 1144.—मध्यप्रदेश, भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा नीचे दर्शाये अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील तामिया, जिला छिन्दवाड़ा के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है:—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल)	राजस्व ग्राम का नाम एवं प. ह. न.
(1)	(2)
ग्राम बेलखेड़ी प.ह.नं. 21 से पृथक् किया गया क्षेत्रफल—132.334 हे.	ग्राम दीबूढाना प.ह.नं. 21

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
महेशचन्द्र चौधरी, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर (भू-अभिलेख) छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश

छिन्दवाड़ा, दिनांक 22 जुलाई 2015

क्र. 1185-भू.अ.5-रा.नि.-2015.—शासकीय कार्यों में सुविधा की दृष्टि से तथा कार्यों के सुचारू संचालन हेतु मैं, महेशचन्द्र चौधरी (आई.ए.एस.), कलेक्टर, छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 105 में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, जिले की छिन्दवाड़ा तहसील के अन्तर्गत प्रशासकीय इकाई वर्तमान राजस्व निरीक्षक मंडल, छिन्दवाड़ा, भाग-1 की सीमाओं को परिवर्तित करते हुए पटवारी हल्का नम्बर 19, 20, 22, 23, 24, 25,, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49, 52 कुल 31 हल्के का नया राजस्व निरीक्षक मंडल, छिन्दवाड़ा, भाग-1 एवं पटवारी हल्का नम्बर 18, 21, 50, 51, 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59, 60, 61, 62, 63, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 70, 71, 72, 73, 74, 75 कुल 27 हल्के का नया राजस्व निरीक्षक मंडल, पिण्डरई कला की सीमाओं का पुनर्गठन करता हूं.

क्र. 1186-भू.अ.5-रा.नि.-2015.—शासकीय कार्यों में सुविधा की दृष्टि से तथा कार्यों के सुचारू संचालन हेतु मैं, महेशचन्द्र चौधरी (आई.ए.एस.), कलेक्टर, छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 105 में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, जिले की चांद तहसील के अन्तर्गत प्रशासकीय इकाई वर्तमान राजस्व

निरीक्षक मंडल, चांद की सीमाओं को परिवर्तित करते हुए पटवारी हल्का नम्बर 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 21, 42, 43, 44, 45, 46 एवं 51 कुल 23 हल्के का नया राजस्व निरीक्षक मंडल, पांजरा एवं पटवारी हल्का नम्बर 17, 18, 19, 20, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41 एवं 47, 48, 49 कुल 28 हल्के का नया राजस्व निरीक्षक मंडल, चांद की सीमाओं का पुनर्गठन करता हूं.

क्र. 1187-भू.अ.5-रा.नि.-2015.—शासकीय कार्यों में सुविधा की दृष्टि से तथा कार्यों के सुचारू संचालन हेतु मैं, महेशचन्द्र चौधरी (आई.ए.एस.), कलेक्टर, छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 105 में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, जिले की चौरई तहसील के अन्तर्गत प्रशासकीय इकाई वर्तमान राजस्व निरीक्षक मंडल, चौरई की सीमाओं को परिवर्तित करते हुए पटवारी हल्का नम्बर 01, 02, 03, 04, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41 कुल 21 हल्के का नया राजस्व निरीक्षक मंडल, चौरई एवं पटवारी हल्का नम्बर 05, 06, 07, 08, 09, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33 कुल 20 हल्के का नया राजस्व निरीक्षक मंडल, कपुर्दा की सीमाओं का पुनर्गठन करता हूं.

